पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी

——————

लखनऊ : 06 सितम्बर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि लोकजीवन में भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श और कार्य प्रधान शिक्षा अनुकरणीय है। उत्साह के साथ मनाया जाने वाला श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े जनमानस की आस्था और श्रद्धा का आधार है। राज्यपाल जी ने कामना की है कि जन्माष्टमी का यह पर्व देश और समाज में शश्वत मूल्यों की स्थापना, भाईचारा और एकता की भावना का प्रसार करे।

—————

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361